C.SCP2-09

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : P–DTQ–J–QIJ**

**Test Booklet Series**

**Serial No.** 03089

# A

# TEST BOOKLET

## PHILOSOPHY

***Time Allowed : Two Hours***

***Maximum Marks : 300***

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Consider the following statements :

   1. All valid arguments contain only true premises and a true conclusion.
   2. Some valid arguments contain only false propositions-false premises and a true conclusion.
   3. All valid arguments contain only false propositions-all premises are false, conclusion is false as well.

   Which of the above statements is correct ?

   (a) 1

   (b) 2

   (c) 3

   (d) None of the above

2. Most actors are celebrities.
   Aruna is an actor.
   Therefore Aruna is a celebrity.

   The above argument is :

   (a) deductive argument only

   (b) inductive argument only

   (c) both inductive and deductive argument

   (d) neither inductive nor deductive argument

3. If 'All youngsters are cricket lovers' is true, then what can be inferred about truth or falsity of the following ?

   1. No youngsters are cricket lovers.
   2. Some youngsters are cricket lovers.
   3. Some youngsters are not cricket lovers.
   4. No youngsters are non-cricket lovers.

   Select the correct answer using the code given below :

   (a) 1 is false, 2 is true, 3 is false and 4 is true

   (b) 1 is true, 2 is true, 3 is false and 4 is true

   (c) 1 is false, 2 is false, 3 is true and 4 is false

   (d) 1 is false, 2 is true, 3 is true and 4 is true

4. Consider the following :

   1. True premises do not guarantee validity.
   2. A true conclusion does not guarantee validity.
   3. True premises and a true conclusion together do not guarantee validity.

   Which of the above are correct ?

   (a) 1 and 2 only

   (b) 2 and 3 only

   (c) 1 and 3 only

   (d) 1, 2 and 3

5. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| A. | All S is P | 1. | $S\overline{P}=0$ |
| B. | Some S is P | 2. | $SP\neq 0$ |
| C. | No S is P | 3. | $SP=0$ |
| D. | Some S is not P | 4. | $S\overline{P}\neq 0$ |

***Code :***

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

6. Which one of the following is correct ?

   (a) When 'A' is false, 'E' is false and 'O' is true

   (b) When 'E' is doubtful, 'A' is true and 'I' is false

   (c) When 'O' is true, 'E' is false and 'I' is false

   (d) When 'I' is true, 'E' is false and 'A' is doubtful

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. सभी वैध युक्तियों में केवल सत्य आधारिकाएं और एक सत्य निष्कर्ष होता है।
   2. कुछ वैध युक्तियों में केवल असत्य तर्क-वाक्य, असत्य आधारिकाएं और एक सत्य निष्कर्ष होता है।
   3. सभी वैध युक्तियों में केवल असत्य तर्कवाक्य, सभी आधारिकाएं असत्य और निष्कर्ष भी असत्य होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है ?
   (a) 1
   (b) 2
   (c) 3
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. अधिकांश अभिनेता प्रख्यात हैं।
   अरुण एक अभिनेता है।
   अत: अरुण प्रख्यात है।
   उपर्युक्त युक्ति :
   (a) केवल निगमनात्मक युक्ति है
   (b) केवल आगमनात्मक युक्ति है
   (c) दोनों आगमनात्मक युक्ति और निगमनात्मक युक्ति हैं
   (d) न तो आगमनात्मक युक्ति और न ही निगमनात्मक युक्ति है

3. यदि 'सभी बच्चे क्रिकेट प्रेमी हैं' सत्य है तो निम्नलिखित की सत्यता या असत्यता के सम्बन्ध में क्या अनुमान किया जा सकता है ?
   1. कोई बच्चे क्रिकेट प्रेमी नहीं हैं
   2. कुछ बच्चे क्रिकेट प्रेमी हैं
   3. कुछ बच्चे क्रिकेट प्रेमी नहीं हैं
   4. कोई बच्चे अ-क्रिकेट प्रेमी नहीं हैं

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) 1 असत्य है, 2 सत्य है, 3 असत्य है और 4 सत्य है
   (b) 1 सत्य है, 2 सत्य है, 3 असत्य है और 4 सत्य है
   (c) 1 असत्य है, 2 असत्य है, 3 सत्य है और 4 असत्य है
   (d) 1 असत्य है, 2 सत्य है, 3 सत्य है और 4 सत्य है

4. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :
   1. सत्य आधारिकाएं वैधता की प्रतिभूति नहीं करतीं।
   2. एक सत्य निष्कर्ष वैधता की प्रतिभूति नहीं करता।
   3. सत्य आधारिकाएं और एक सत्य निष्कर्ष एक-साथ वैधता की प्रतिभूति नहीं करते।

   उपर्युक्त में से कौन से सही हैं ?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| A. सभी S P हैं | 1. $S\overline{P}=0$ |
| B. कुछ S P हैं | 2. $SP \neq 0$ |
| C. कोई S P नहीं है | 3. $SP=0$ |
| D. कुछ S P नहीं हैं | 4. $S\overline{P} \neq 0$ |

   *कूट :*

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सत्य है ?
   (a) जब 'A' असत्य है, 'E' असत्य है और 'O' सत्य है
   (b) जब 'E' संदिग्ध है, 'A' सत्य है, और 'I' असत्य है
   (c) जब 'O' सत्य है, 'E' असत्य है और 'I' असत्य है
   (d) जब 'I' सत्य है, 'E' असत्य है और 'A' संदिग्ध है



(Contd.)

7. Particular affirmative proposition :
   (a) makes claim only about the subject class
   (b) makes claim only about the predicate class
   (c) makes no claim about the subject class and predicate class
   (d) makes claim that the subject class and the predicate class have some members in common

8. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I (Valid Syllogism)* | | *List-II (Figure)* | |
|---|---|---|---|
| A. | AAA | 1. | Fig.-II |
| B. | AOO | 2. | Fig.-I |
| C. | OAO | 3. | Fig.-IV |
| D. | IAI | 4. | Fig.-III |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

9. AII is invalid in Fig.-II because :
   (a) It commits the fallacy of undistributed middle
   (b) It commits the fallacy of illicit major
   (c) It commits the fallacy of illicit minor
   (d) It commits the existential fallacy


10. Which one of the following statements is correct ?
   (a) Mood is determined by the position of the middle term in a syllogism
   (b) Figure is determined by the position of the middle term in a syllogism
   (c) Mood is a psychological state and has nothing to do with syllogism
   (d) Mood and figure are irrelevant in the context of syllogism

11. Which one of the following statements is correct ?
   (a) All syllogisms are arguments, but not all arguments are syllogisms
   (b) All syllogisms are inferences, but not all inferences are syllogisms
   (c) Only arguments having two premises are syllogisms
   (d) Only inferences having two premises are syllogisms


12. Some preachers are persons of unfailing vigour.
No preachers are non-intellectuals.
Therefore some intellectuals are persons of unfailing vigour.

The above argument is shown valid by :


(a)




(b)




(c)



(d)






(Contd.)

7. विशिष्ट विध्यात्मक प्रतिज्ञप्ति
   (a) केवल उद्देश्य वर्ग के बारे में दावा करता है
   (b) केवल विधेय वर्ग के बारे में दावा करता है
   (c) उद्देश्य वर्ग और विधेय वर्ग के बारे में कोई दावा नहीं करता
   (d) यह दावा करता है कि उद्देश्य वर्ग और विधेय वर्ग के कुछ सदस्य उभयनिष्ठ हैं

8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* *(वैध न्यायवाक्य)* | *सूची-II* *(आकृति)* |
|---|---|
| A. AAA | 1. आकृति-II |
| B. AOO | 2. आकृति-I |
| C. OAO | 3. आकृति-IV |
| D. IAI | 4. आकृति-III |

कूट :


| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |


9. AII आकृति-II में अवैध है क्योंकि
   (a) इसमें अव्याप्त हेतु दोष है
   (b) इसमें अव्याप्त साध्य दोष है
   (c) इसमें अव्याप्त पक्ष दोष है
   (d) इसमें अस्तित्वपरक दोष है


10. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सत्य है ?
   (a) विन्यास निर्धारित होता है न्यायवाक्य में मध्य पद की स्थिति द्वारा
   (b) आकृति निर्धारित होती है न्यायवाक्य में मध्य पद की स्थिति द्वारा
   (c) विन्यास एक मनोवैज्ञानिक स्थिति है और इसका न्यायवाक्य से कोई सम्बन्ध नहीं है
   (d) विन्यास एवं आकृति न्यायवाक्य के सन्दर्भ में विसंगत हैं


11. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है ?
   (a) सभी न्यायवाक्य युक्तियां हैं परन्तु सभी युक्तियां न्यायवाक्य नहीं हैं
   (b) सभी न्यायवाक्य अनुमान हैं परन्तु सभी अनुमान न्यायवाक्य नहीं हैं
   (c) केवल वही युक्तियां जिनमें दो आधारिकाएं होती हैं, न्यायवाक्य हैं
   (d) केवल वही अनुमान जिनमें दो आधारिकाएं होती हैं, न्यायवाक्य हैं

12. कुछ उपदेशक अक्षय उत्साह के व्यक्ति होते हैं।
    कोई उपदेशक अ-बुद्धिजीवी नहीं हैं।
    अत: कुछ बुद्धिजीवी अक्षय उत्साह के व्यक्ति हैं।
    उपर्युक्त युक्ति किसके द्वारा वैध प्रदर्शित होती है ?

   (a)


   (b)


   (c)


   (d)




(Contd.)

13. Consider the following argument :
All dogs are mammals.
All cats are mammals.
Therefore all cats are dogs.

The validity of the above argument is tested by shading :

(a) $S\bar{P}\bar{M}$, $SP\bar{M}$ and $\bar{S}P\bar{M}$


(b) $\bar{S}P\bar{M}$, $\bar{S}\bar{P}M$ and $S\bar{P}\bar{M}$

(c) $S\bar{P}\bar{M}$, $SP\bar{M}$ and SPM


(d) $\bar{S}P\bar{M}$, SPM and $S\bar{P}M$

14. "Matter does not exist, since matter has no consciousness and whatever has consciousness exists" is shown invalid by which one of the following Venn diagrams ?


(a)





(b)




(c)




(d)




15. Consider the following argument :

"All dogs are mammals.

No dogs are cats.

Therefore no cats are mammals."

What is the type of the fallacy in the above argument ?

(a) Fallacy of illicit major

(b) Fallacy of illicit minor

(c) Fallacy of undistributed middle

(d) Fallacy of four-terms

16. Any term distributed in the conclusion must be distributed in the premises. Which fallacies are committed if the above rule is violated ?

1. Illicit major

2. Illicit minor

3. Undistributed middle

4. Exclusive premises

Select the correct answer from the code given below :

(a) 1 and 4

(b) 1 and 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2, 3 and 4

17. Which one of the following statements is false ?

(a) No real connection between antecedent and consequent is suggested by material implication

(b) Material implication expresses decisional connection between the antecedent and consequent


(c) Material implication is different from definitional connection between the antecedent and consequent

(d) Material implication is different from causal connection between the antecedent and consequent


13. निम्नलिखित युक्ति पर विचार कीजिए :
सभी कुत्ते स्तनपायी हैं।
सभी बिल्लियां स्तनपायी हैं।
अत: सभी बिल्लियां कुत्ते हैं।
उपर्युक्त युक्ति की वैधता का परीक्षण किसके छायांकन से होगा :
(a) $S\overline{P}\,\overline{M}$, $SP\overline{M}$ और $\overline{S}P\overline{M}$
(b) $\overline{S}P\overline{M}$, $\overline{S}\,\overline{P}M$ और $S\overline{P}\,\overline{M}$
(c) $S\overline{P}\,\overline{M}$, $SP\overline{M}$ और $SPM$
(d) $\overline{S}P\overline{M}$, $SPM$ और $S\overline{P}M$

14. ''पुद्गल का अस्तित्त्व नहीं है क्योंकि पुद्गल में कोई चेतना नहीं होती और जिसमें भी चेतना है, अस्तित्त्ववान है'' को निम्नलिखित में से किस एक वेन रेखाचित्र के द्वारा अवैध दिखाया गया है ?


(a)





(b)




(c)




(d)




15. निम्नलिखित युक्ति पर विचार कीजिए :
''सभी कुत्ते स्तनपायी हैं।
कोई कुत्ते बिल्ली नहीं हैं।
अत: कोई बिल्लियाँ स्तनपायी नहीं हैं।''
उपर्युक्त युक्ति में किस प्रकार का तर्कदोष है ?
(a) अव्याप्त साध्य दोष
(b) अव्याप्त पक्ष दोष
(c) अव्याप्त हेतु दोष
(d) चतुष्पद दोष

16. यदि कोई पद निष्कर्ष में व्याप्त है तो उसे आधारिकाओं में भी व्याप्त होना चाहिए। कौन से तर्कदोष होंगे यदि उपर्युक्त नियम का उल्लंघन होता है ?
1. अव्याप्त साध्य
2. अव्याप्त पक्ष
3. अव्याप्त हेतु
4. व्यावर्तक आधारिका

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
(a) 1 और 4
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) 2, 3 और 4

17. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक असत्य है ?
(a) वस्तुगत आपादन, हेतुवाक्य और फलवाक्य के बीच कोई वास्तविक सम्बन्ध नहीं सुझाता
(b) वस्तुगत आपादन हेतुवाक्य और फलवाक्य के बीच निर्णयात्मक सम्बन्ध को व्यक्त करता है
(c) वस्तुगत आपादन हेतुवाक्य और फलवाक्य के बीच पारिभाषिक सम्बन्ध से भिन्न है
(d) वस्तुगत आपादन हेतुवाक्य और फलवाक्य के बीच कारणात्मक सम्बन्ध से भिन्न है



(Contd.)

18. What is the proper symbolization of the sentence "Not both p and q; but both not p and q" ?

(a) $(\sim p \cdot \sim q) \cdot \sim (p \vee q)$

(b) $(p \supset \sim q) \cdot (q \supset \sim p)$

(c) $\sim (p \cdot q) \cdot (\sim p \cdot \sim q)$

(d) $\sim (p \vee q) \cdot (\sim p \vee \sim q)$

19. Which one of the following pairs expresses paradox of material implication ?

(a) $p \supset (q \supset p)$
$\sim p \supset (p \supset q)$

(b) $\sim p \supset (\sim q \supset p)$
$\sim p \supset (q \supset \sim p)$

(c) $p \supset (q \supset p)$
$q \supset (p \supset p)$

(d) $q \supset (q \supset p)$
$\sim q \supset (\sim p \supset \sim p)$

20. Which one of the following is implied by the premises $A \vee (B \cdot C)$ and $A \supset C$ ?

(a) $\sim C$

(b) A

(c) $\sim A$

(d) None of the above

21. '$p \equiv q$' is materially equivalent to which one of the following ?

(a) $(p \vee q) \cdot (\sim p \vee \sim q)$

(b) $(p \cdot q) \cdot (\sim p \cdot \sim q)$

(c) $(p \cdot q) \vee (\sim p \cdot \sim q)$

(d) $\sim (p \cdot q) \vee (\sim p \cdot \sim q)$

22. Which one of the following is equivalent to '$p \supset q$' ?

(a) $\sim (p \cdot q)$

(b) $(p \cdot \sim q)$

(c) $\sim (p \cdot \sim q)$

(d) $\sim (\sim p \cdot \sim \sim q)$

23. The truth table for the statement '$(\sim G \supset H) \equiv (\sim G \cdot \sim H)$'

(a) will have all Ts in the final column

(b) will have all Fs in the final column

(c) will have exactly one T in the final column

(d) will have two Ts and two Fs consecutively in the final column

24. If the value of 'X' is known to be false and the truth values of P and Q are not known, what can we say of the truth value of the statement $[P \vee (Q \cdot X)] \cdot \sim [(P \vee Q) \cdot (P \vee X)]$ ?

(a) True

(b) False

(c) Neither true nor false

(d) Cannot be concluded

25. What is the rule of inference by which the conclusion follows from the premises

$(C \equiv D) \cdot (E \equiv F)$

$\therefore C \equiv D$

(a) Conjunction

(b) Addition

(c) Simplification

(d) Absorption



(Contd.)

18. "न दोनों p और q; किन्तु दोनों न p और q" वाक्य का सही प्रतीकीकरण क्या है ?

(a) $(\sim p \cdot \sim q) \cdot \sim (p \vee q)$

(b) $(p \supset \sim q) \cdot (q \supset \sim p)$

(c) $\sim (p \cdot q) \cdot (\sim p \cdot \sim q)$

(d) $\sim (p \vee q) \cdot (\sim p \vee \sim q)$

19. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म वस्तुगत आपादन के विरोधाभास को व्यक्त करता है ?

(a) $p \supset (q \supset p)$
$\sim p \supset (p \supset q)$

(b) $\sim p \supset (\sim q \supset p)$
$\sim p \supset (q \supset \sim p)$

(c) $p \supset (q \supset p)$
$q \supset (p \supset p)$

(d) $q \supset (q \supset p)$
$\sim q \supset (\sim p \supset \sim p)$

20. अधोलिखित में से कौन-सा एक, आधारिकाओं $A \vee (B \cdot C)$ एवं $A \supset C$ द्वारा आपादित होता है ?

(a) $\sim C$

(b) A

(c) $\sim A$

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, '$p \equiv q$' के वैषयिकत: तुल्य है ?

(a) $(p \vee q) \cdot (\sim p \vee \sim q)$

(b) $(p \cdot q) \cdot (\sim p \cdot \sim q)$

(c) $(p \cdot q) \vee (\sim p \cdot \sim q)$

(d) $\sim (p \cdot q) \vee (\sim p \cdot \sim q)$

22. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, '$p \supset q$' के तुल्य है ?

(a) $\sim (p \cdot q)$

(b) $(p \cdot \sim q)$

(c) $\sim (p \cdot \sim q)$

(d) $\sim (\sim p \cdot \sim \sim q)$

23. कथन '$(\sim G \supset H) \equiv (\sim G \cdot \sim H)$' की सत्यता सारणी में

(a) सभी Ts अन्तिम स्तम्भ में होंगे

(b) सभी Fs अन्तिम स्तम्भ में होंगे

(c) ठीक एक ही T अन्तिम स्तम्भ में होगा

(d) दो Ts और दो Fs क्रमिकत: अन्तिम स्तम्भ में होंगे

24. यदि यह ज्ञात है कि 'X' का मूल्य असत्य है और 'P' और 'Q' के सत्यतामूल्य अज्ञात हैं तो कथन $[P \vee (Q \cdot X)] \cdot \sim [(P \vee Q) \cdot (P \vee X)]$ के सत्यतामूल्य के विषय में हम क्या कह सकते हैं ?

(a) सत्य

(b) असत्य

(c) न तो सत्य और न ही असत्य

(d) निष्कर्षित नहीं किया जा सकता

25. अनुमान का क्या नियम है जिसके द्वारा निष्कर्ष आधारिकाओं का अनुगमन करता है

$(C \equiv D) \cdot (E \equiv F)$

$\therefore C \equiv D$

(a) संयोजन

(b) योग

(c) सरलीकरण

(d) विलयन



(Contd.)

26. Consider the argument :

$A \supset B$

$C \supset \sim B$

$\therefore A \supset \sim C$

The validity of the above argument can be proved by :

(a) Venn diagram

(b) Only by nine rules of inference

(c) Only by rules of replacement

(d) Rules of inference along with rules of replacement

27. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| A. | Disjunctive Syllogism | 1. | $p \vee q$, $\sim p$, $\therefore q$ |
| B. | Modus Ponens | 2. | $p \supset q$, $\sim q$, $\therefore \sim p$ |
| C. | Modus Tollens | 3. | $p \supset q$, $p$, $\therefore q$ |
| D. | Constructive Dilemma | 4. | $(p \supset q) \cdot (r \supset s)$, $p \vee r$, $\therefore q \vee s$ |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

28. Which one of the following fallacies is involved in the argument 'No weaklings are labour leaders, because no weaklings are true liberals, and all labour leaders are true liberals' ?

(a) Illicit major

(b) Illicit minor

(c) Undistributed middle

(d) No fallacy

29. If major premises is particular and minor premises is negative, then which one of the following is correct ?

(a) The conclusion is valid

(b) There cannot be any conclusion

(c) The conclusion is negative proposition

(d) The conclusion is particular proposition

30. Which one of the following propositions is a tautology ?

(a) $[p \supset (p \supset q)] \supset q$

(b) $p \supset [(p \supset q) \supset q]$

(c) $p \supset [p \supset (q \cdot \sim q)$

(d) $(p \cdot q) \cdot (p \supset \sim q)$

31. In the context of modern logic, which of the following is/are correct ?

1. Particular propositions can be derived from the universal propositions.

2. Universal affirmative and universal negative both cannot be false.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

26. युक्ति पर विचार कीजिए :

$A \supset B$

$C \supset \sim B$

$\therefore A \supset \sim C$

उपर्युक्त युक्ति की वैधता सिद्ध की जा सकती है :

(a) वेन रेखाचित्र द्वारा

(b) केवल अनुमान के नौ नियमों द्वारा

(c) केवल विस्थापन के नियमों द्वारा

(d) अनुमान के नियमों के साथ-साथ विस्थापन के नियमों द्वारा

27. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| A. | वियोजक न्यायवाक्य | 1. | $p \vee q$<br>$\sim p$<br>$\therefore q$ |
| B. | विधायक हेतु फलानुमान | 2. | $p \supset q$<br>$\sim q$<br>$\therefore \sim p$ |
| C. | निषेधक हेतु फलानुमान | 3. | $p \supset q$<br>$p$<br>$\therefore q$ |
| D. | रचनात्मक उभयत:पाश | 4. | $(p \supset q) \cdot (r \supset s)$<br>$p \vee r$<br>$\therefore q \vee s$ |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

28. 'कोई दुर्बल व्यक्ति श्रमिक नेता नहीं हैं, क्योंकि कोई दुर्बल व्यक्ति सच्चे उदारवादी नहीं हैं, और सभी श्रमिक नेता सच्चे उदारवादी हैं' युक्ति में निम्नलिखित में से कौन-सा एक तर्कदोष निहित है ?

(a) अव्याप्त साध्य

(b) अव्याप्त पक्ष

(c) अव्याप्त हेतु

(d) कोई तर्क दोष नहीं

29. यदि साध्य आधारिका विशिष्ट है और पक्ष आधारिका निषेधात्मक है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है ?

(a) निष्कर्ष वैध है

(b) कोई भी निष्कर्ष नहीं हो सकता

(c) निष्कर्ष निषेधात्मक तर्कवाक्य है

(d) निष्कर्ष विशिष्ट तर्कवाक्य है

30. निम्नलिखित तर्कवाक्यों में से कौन-सा एक, पुनरुक्ति है ?

(a) $[p \supset (p \supset q)] \supset q$

(b) $p \supset [(p \supset q) \supset q]$

(c) $p \supset [p \supset (q \cdot \sim q)$

(d) $(p \cdot q) \cdot (p \supset \sim q)$

31. आधुनिक तर्कशास्त्र के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. सामान्य तर्कवाक्यों से विशिष्ट तर्कवाक्य व्युत्पन्न किये जा सकते हैं

2. सामान्य विध्यात्मक और सामान्य निषेधात्मक दोनों असत्य नहीं हो सकते

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2



(Contd.)

32. Which of the following are the correct equivalent forms of the statement 'p is sufficient condition for q' ?

1. $p \supset q$
2. $q \supset p$
3. $\sim q \supset \sim p$
4. $\sim p \supset \sim q$

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4

(b) 2 and 3

(c) 1 and 3

(d) 2 and 4

33. Consider the following argument :

'Only the students securing more than 60% marks in the qualifying examination will be admitted to college Y, all the students of college X have secured more than 60% marks in the qualifying examination, therefore all the students of college X will be admitted to college Y'.

The argument commits the fallacy of :

(a) illicit major

(b) illicit minor

(c) undistributed middle

(d) four terms

34. Which one of the following is equivalent to 'p' ?

(a) $(p \supset q) \cdot (p \supset q)$

(b) $(p \vee \sim q) \cdot (p \vee \sim q)$

(c) $(p \cdot q) \vee (p \cdot \sim q)$

(d) $(q \supset p) \cdot (p \supset \sim q)$

35. According to John Locke, which one of the following is correct ?

(a) Primary qualities are derived from sensation and reflection

(b) Primary qualities are the source of our time consciousness

(c) Primary qualities are unchangeable and indistinguishable from the material object

(d) Primary qualities are contingent features of the material object

36. Which one of the following is ***not*** the view of Descartes ?

(a) Substance is that which is in itself

(b) Substance is that which is in itself and is conceived by itself

(c) Substance is one and only one

(d) Substance is "an existent thing which requires nothing but itself in order to exist".

37. Which one of the following is ***not*** acceptable to *Nyāya-Vaiśeṣika ?*

(a) Substance (*dravya*) is the substratum where actions and qualities inhere

(b) Substances at the moment of their creation are not devoid of qualities

(c) Substance is either simple (*niravayava*) or compound (*avayavidravyas*)

(d) Simple (*niravayava*) substances are not subject to production and destruction, while the compound substances (*avayavi*) are

32. निम्नलिखित में कौन से, कथन 'p पर्याप्त शर्त है q की' के सही तुल्य आकार हैं ?

1. $p \supset q$
2. $q \supset p$
3. $\sim q \supset \sim p$
4. $\sim p \supset \sim q$

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 4
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 2 और 4

33. निम्नलिखित युक्ति पर विचार कीजिए :

'केवल उन्हीं विद्यार्थियों को जिनको अर्हक परीक्षा में 60% से अधिक अंक मिले हैं, Y कालेज में प्रवेश दिया जाएगा, X कालेज के सभी विद्यार्थियों ने अर्हक परीक्षा में 60% से अधिक अंक पाये हैं, अत: X कालेज के सभी विद्यार्थियों को Y कालेज में प्रवेश दिया जाएगा'।

इस युक्ति में क्या दोष है ?

(a) अव्याप्त साध्य
(b) अव्याप्त पक्ष
(c) अव्याप्त हेतु
(d) चतुष्पद

34. निम्नलिखित में से कौन-सा 'p' के तुल्य है ?

(a) $(p \supset q) \cdot (p \supset q)$
(b) $(p \vee \sim q) \cdot (p \vee \sim q)$
(c) $(p \cdot q) \vee (p \cdot \sim q)$
(d) $(q \supset p) \cdot (p \supset \sim q)$

35. जॉन लॉक के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है ?

(a) प्राथमिक गुण संवेदन एवं परावर्तन से व्युत्पन्न होते हैं
(b) प्राथमिक गुण हमारी समय चेतना के स्रोत हैं
(c) प्राथमिक गुण अपरिवर्तनीय और भौतिक पदार्थ से अविभेद्य होते हैं
(d) प्राथमिक गुण भौतिक पदार्थ की आपातिक विशेषताएँ हैं।

36. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, डेकार्ट का मत ***नहीं*** है ?

(a) द्रव्य वह है जो स्वनिष्ठ है
(b) द्रव्य वह है जो स्वनिष्ठ है तथा स्वयं से विचारित है
(c) द्रव्य एक और केवल एक है
(d) द्रव्य "एक अस्तित्ववान वस्तु है जिसे अस्तित्ववान होने के लिए स्वयं के अतिरिक्त किसी अन्य की आवश्यकता नहीं है।"

37. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, न्याय-वैशेषिक को स्वीकार्य ***नहीं*** है ?

(a) द्रव्य अधिष्ठान है जहाँ कर्म और गुण अन्तर्निष्ठ होते हैं
(b) द्रव्य अपनी सृष्टि के क्षण में गुण-रहित नहीं होते
(c) द्रव्य सरल (निरवयव) या यौगिक (अवयवी द्रव्य) है
(d) सरल (निरवयव) पदार्थ उत्पत्ति और विनाश के विषय नहीं हैं, जबकि यौगिक (अवयवी) द्रव्य हैं

38. Which one of the following is ***not*** true about the *Mahāyāna Buddhists* ?

(a) The adherents of the *Mahāyāna* do not believe in the reality of external objects

(b) They are of later origin than the *Hinayāna* sects

(c) The *Mahāyāna* Buddhists talk about the means for the individual liberation

(d) The *Mahāyāna* claims to represent the whole truth of Buddha's teaching

39. Aquinas claims that :

(a) Being and essence are identical in God i.e.; being is His essence

(b) Being and essence are not identical in God i.e.; being is not His essence

(c) Being and essence are partially identical in God

(d) Being and essence are both identical and different

40. According to *Nyāya-Vaiśeṣika*

(a) Consciousness is the essential quality of the soul

(b) Consciousness is the adventitious quality of the soul

(c) Soul is pure consciousness

(d) Consciousness is not a quality of the soul

41. *Manas* is eternal and atomic and cannot come into contact with several senses simultaneously. This view is maintained by

(a) *Sānkhya*

(b) *Mīmāṃsā*

(c) *Nyāya-Vaiśeṣika*

(d) *Yoga*

42. Which one of the following is ***not*** acceptable to Buddhism ?

(a) Perception is devoid of name and universal

(b) Perception is indeterminate in the first moment and determinate in the next moment

(c) The object of perception is *Svalakṣaṇa*

(d) *Svalakṣaṇa* is not apprehended by inference

43. Which one of the following statements correctly defines truth in terms of correspondence ?

(a) Truth is wholly a matter of correspondence with fact

(b) Truth is wholly a matter of correspondence with knowledge

(c) Truth is wholly a matter of correspondence with belief

(d) Truth is a correspondence between judgment and fact

38. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, महायान बौद्धों के सम्बन्ध में सत्य *नहीं* है ?

(a) महायान के अनुयायी बाह्य वस्तुओं की सत्ता में विश्वास नहीं करते

(b) वे हीनयान सम्प्रदाय से परवर्ती उद्भव के हैं

(c) महायान बौद्ध वैयक्तिक मुक्ति के साधनों के बारे में बात करते हैं

(d) महायान, बुद्ध की शिक्षा के सम्पूर्ण सत्य को निरूपित करने का दावा करते हैं

39. एक्वीनास दावा करते हैं, कि

(a) सत्त्व और सार ईश्वर में तदात्म हैं अर्थात् सत्त्व ईश्वर का सार है

(b) सत्त्व और सार ईश्वर में तदात्म नहीं हैं अर्थात् सत्त्व ईश्वर का सार नहीं है

(c) सत्त्व और सार ईश्वर में अंशत: तदात्म हैं

(d) सत्त्व और सार तदात्म और भिन्न दोनों हैं

40. न्याय-वैशेषिक के अनुसार

(a) चेतना आत्मा का तात्विक गुण है

(b) चेतना आत्मा का आगन्तुक गुण है

(c) आत्मा विशुद्ध चेतना है

(d) चेतना आत्मा का गुण नहीं है

41. मनस् नित्य और परमाणु है और एकसाथ कई इन्द्रियों के सम्पर्क में नहीं आ सकता। यह किसका मत है ?

(a) सांख्य

(b) मीमांसा

(c) न्याय-वैशेषिक

(d) योग

42. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, बौद्ध मत को स्वीकार्य *नहीं* है ?

(a) प्रत्यक्ष नाम रहित और सामान्य है

(b) प्रत्यक्ष प्रथम क्षण में अनियत होता है और अगले क्षण नियत

(c) प्रत्यक्ष का विषय स्वलक्षण है

(d) स्वलक्षण का अनुमान द्वारा बोध नहीं होता

43. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, सत्यता को संवादिता के पद में सही परिभाषित करता है ?

(a) सत्यता पूर्ण रूप से तथ्य के साथ संवादिता का उपादान है

(b) सत्यता पूर्ण रूप से ज्ञान के साथ संवादिता का उपादान है

(c) सत्यता पूर्ण रूप से विश्वास के साथ संवादिता का उपादान है

(d) सत्यता निर्णय और तथ्य के बीच संवादिता है



(Contd.)

44. Consider the following statements :

According to Spinoza :

1. Attribute is "that which the intellect perceives as constituting the essence of substance"
2. Thought and extension are the two attributes, known to men.
3. Each of them (thought and extension) is "infinite after its kind" but not "absolutely infinite" like God.
4. Mind and matter are two substances, having attributes of thought and extension respectively.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

45. Which one of the following pairs is correctly matched ?

(a) Error is due to commission : Prabhākara

(b) Error is due to omission : Kumārila

(c) Error is due to a wrong synthesis of the presented and the represented objects : *Naiyāyika*

(d) Error is due to its being describable : Śaṇkara

46. Coherence theory of truth argues that the truth of a proposition :

(a) is a property of its logical coherence with a body of propositions

(b) is based on verifiability theory

(c) consists in its applicability

(d) depends on the negation of its contradictory proposition

47. How does *Cārvāka* account for the basis of knowledge ?

(a) Knowledge is possible on the grounds of perception, inference and testimony

(b) Knowledge is due to direct realization (*Sākṣātkāra*)

(c) Knowledge is due to six modes of justification

(d) Sense-perception is the only source of knowledge

48. Consider the following statements :

1. It obtains between substance and attribute.
2. This is identical with the *Nyāya Vaiśeṣika Samavāya* relation.

Which of the statements given above is/are correct about the relation of *apṛthaksiddhi* as maintained by Ramanuja ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

49. Consider the following statements regarding Śaṇkara :

1. *Māyā* is the Power of God.
2. Creation is nothing but a superimposition of diversity on the Supreme Reality *Brahman*.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

स्पीनोजा के अनुसार

1. गुण है "वह जिसे बुद्धि द्रव्य के सार को निर्मित करने के रूप में प्रत्यक्ष करती है"।
2. विचार और विस्तार दो गुण हैं जो मनुष्यों को ज्ञात हैं।
3. इनमें से प्रत्येक (विचार और विस्तार) "अपने स्वरूप से असीम है" किन्तु ईश्वर की भाँति "पूर्णरूप से असीम" नहीं।
4. मन और पुद्गल दो द्रव्य हैं, जिनके गुण क्रमश: विचार और विस्तार हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

45. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित है ?

| | | |
|---|---|---|
| (a) दोष विकर्म के कारण है | : | प्रभाकर |
| (b) दोष अकर्म के कारण है | : | कुमारिल |
| (c) दोष उपस्थित और पुनरुपस्थित विषयों के गलत संश्लेषण के कारण है | : | नैयायिक |
| (d) दोष इसके वर्णनीय होने के कारण है | : | शंकर |

46. सत्यता का संसक्तता सिद्धान्त मानता है कि एक प्रतिज्ञप्ति की सत्यता :

(a) प्रतिज्ञप्तियों के निकाय के साथ इसकी तार्किक संसक्तता का एक गुण है

(b) सत्यापनीयता सिद्धान्त पर आधारित है

(c) इसकी व्यावहारिकता में है

(d) इसकी व्याघाती प्रतिज्ञप्ति के निषेध पर निर्भर करती है

47. चार्वाक ज्ञान के आधार को कैसे समझाता है ?

(a) ज्ञान प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द-प्रमाण के आधार पर सम्भव है

(b) ज्ञान साक्षात् उपलब्धि (साक्षात्कार) के कारण है

(c) ज्ञान औचित्य स्थापन के छ: प्रकारों के कारण है

(d) इन्द्रिय-प्रत्यक्ष ही ज्ञान का एकमात्र स्रोत है

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह द्रव्य और गुण के बीच प्राप्त होता है।
2. यह न्याय वैशेषिक समवाय सम्बन्ध से तदात्म है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से रामानुज द्वारा प्रतिपादित अपृथकसिद्धि के सम्बन्ध के बारे में सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

49. शंकर के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. माया ईश्वर की शक्ति है।
2. सृष्टि केवल परम सत्ता ब्रह्म पर अनेकता के अध्यारोपण के सिवाय कुछ नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

50. Nominalism is a theory which says :
   (a) that universals are not real but are only names or words.
   (b) that universals are not names.
   (c) that universals are established on reason.
   (d) that universals are concepts.

51. Which one of the following is ***not*** acceptable to Plato ?
   (a) The concept is not merely an idea in the mind, but it has a reality of its own, independent of mind.
   (b) The concepts are objectively real.
   (c) The objective concepts are ideas.
   (d) The ideas are things, which are mutable and perishable.

52. According to the *Nyāya Vaiśeṣikas*, *Ākāśatva* is not a *jāti* because :
   (a) *Ākāśatva* does not exist in *ākāśa* in the relation of *Samavāya*
   (b) *Ākāśatva* is not an eternal property
   (c) *Ākāśa* is one
   (d) *Ākāśa* is a *vibhudravya* (ubiquitous substance)

53. According to Aristotle :
   (a) Universals are substances
   (b) Particulars are substances
   (c) Substances are neither universals nor particulars
   (d) Substance is the universal in particular

54. The 'Principle of Sufficient Reason' is invoked by Leibnitz :
   (a) to explain moral judgments
   (b) to demonstrate the freedom of the will
   (c) to demonstrate God's existence
   (d) to show that monads exist

55. The *Advaita* Vedāntins adopt the *anirvaćanīyakhyātivāda* according to which in the case of illusion when we say 'this is silver' with regard to a piece of shell, the object of illusion is
   (a) unreal
   (b) real
   (c) neither real nor unreal
   (d) either real or unreal

56. Who among the following believes that 'error' is not misapprehension but non-apprehension ?
   (a) Kumārila
   (b) Śankara
   (c) Prabhākara
   (d) *Nyāya*

57. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I (Theory of Truth)* | *List-II (Philosopher or System)* |
|---|---|
| A. An idea is true when it is conducive to success | 1. Descartes |
| B. An idea is true when it conforms to the fact | 2. Idealism |
| C. An idea is true when it is consistent with the system of well accepted ideas | 3. James |
| D. An idea which is clear and distinct is true | 4. Locke |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |



(Contd.)

50. नामवाद एक सिद्धान्त है जो प्रतिपादित करता है :

(a) कि सामान्य सत् नहीं हैं वरन केवल नाम या शब्द हैं

(b) कि सामान्य नाम नहीं हैं

(c) कि सामान्य तर्कबुद्धि से प्रतिष्ठित हैं

(d) कि सामान्य संप्रत्यय हैं

51. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, प्लेटो को स्वीकार्य *नहीं* है ?

(a) संप्रत्यय केवल मन का एक विचार नहीं है, बल्कि इसकी स्वयं एक सत्ता है, मन से स्वतंत्र

(b) संप्रत्यय वस्तुनिष्ठ रूप से सत् हैं

(c) वस्तुनिष्ठ संप्रत्यय विचार हैं

(d) विचार वस्तुएं हैं जो परिवर्त्य और नाशवान हैं

52. न्याय वैशेषिक के अनुसार आकाशत्व एक जाति नहीं है क्योंकि

(a) आकाशत्व आकाश में समवाय के सम्बन्ध में अस्तित्ववान नहीं है

(b) आकाशत्व एक नित्य गुण नहीं है

(c) आकाश एक है

(d) आकाश विभुद्रव्य है (सर्वव्यापी द्रव्य)

53. अरस्तू के अनुसार :

(a) सामान्य द्रव्य हैं

(b) विशेष द्रव्य हैं

(c) द्रव्य न तो सामान्य हैं और न ही विशेष

(d) द्रव्य विशेष में सामान्य है

54. 'पर्याप्त कारण के सिद्धान्त' की लाइबनीज़ ने उद्भावना की :

(a) नैतिक निर्णयों की व्याख्या करने के लिए

(b) संकल्प की स्वतंत्रता का निदर्शन करने के लिए

(c) ईश्वर की सत्ता का निदर्शन करने के लिए

(d) चिदणुओं की विद्यमानता को दिखाने के लिए

55. अद्वैत वेदान्ती अनिर्वचनीयख्यातिवाद को स्वीकार करते हैं। इसके अनुसार भ्रम की स्थिति में जब हम एक सीप के टुकड़े के बारे में कहते हैं 'यह रजत है' तब भ्रम का विषय क्या है ?

(a) असत्

(b) सत्

(c) न तो सत् और न ही असत्

(d) या तो सत् या असत्

56. निम्नलिखित में से कौन विश्वास करता है कि 'त्रुटि' मिथ्याबोध नहीं है बल्कि अ-बोध है ?

(a) कुमारिल

(b) शंकर

(c) प्रभाकर

(d) न्याय

57. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (सत्यता के सिद्धान्त) | सूची-II (दार्शनिक अथवा विचारधारा) |
|---|---|
| A. कोई प्रत्यय सत्य होता है जब वह प्रगति में सहायक हो | 1. देकार्त |
| B. कोई प्रत्यय सत्य है जब वह तथ्य के अनुरूप हो | 2. प्रत्ययवाद |
| C. कोई प्रत्यय सत्य है जब वह सुसमर्थित प्रत्ययों के तंत्र के साथ संगत हो | 3. जेम्स |
| D. कोई प्रत्यय जो स्पष्ट एवं भिन्न है, सत्य है | 4. लॉक |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

58. How is the knowledge of negation (*abhāva*) accounted by the *Advāita* Vedāntin ?

(a) By means of sense-perception

(b) By means of inference

(c) By means of revelation

(d) By means of non-apprehension

59. 'The *Ātman* by itself has no agency (*akartā*)'. Whose view is this ?

(a) The *Naiyāyikās*

(b) The *Advāita* Vedāntins

(c) The *Vaiśeṣikas*

(d) The *Mīmāṃsakas*

60. According to Spinoza man is not free because :

(a) Man is made in the image of God

(b) World is mechanistic

(c) Everything in the universe necessarily follows from nature of God

(d) Man is sinful

61. According to *Vijñānavāda* Buddhism, the meaning of *pudgala* is

(a) matter

(b) life

(c) subjective consciousness

(d) absolute consciousness

62. Which one of the following is acceptable to Berkeley ?

(a) Substance exists independently either as physical or as spiritual object

(b) Substance is the complex idea of physical or spiritual object

(c) Substance is the unknown substratum in which the observable qualities of the object inhere

(d) Substance cannot be material since the sense-qualities belong to one's own mind or in the minds of other spirits

63. Consider the following statements :

1. The way to *nirvāna* lies through the faith in *jina*, knowledge of his doctrine and perfect conduct.

2. The Jaina ethics lay stress on both faith and works.

3. The ethical system of the Jainas is more rigorous than that of Buddhists.

Which of the statements given above is/are correct in Jaina ethics ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

64. Consider the following with reference to Gandhiji :

1. Means are essentially of instrumental value.

2. Means are no less important than ends.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

65. Eight-fold path of the Buddha is known as the 'middle path' because it :

(a) does not attach too much importance to knowledge

(b) attaches equal importance to knowledge and conduct

(c) is open to the clergy and the laity alike

(d) avoids self-indulgence as well as self-mortification

58. अभाव के ज्ञान को अद्वैत वेदान्तियों द्वारा कैसे समझा गया है ?

(a) इन्द्रिय प्रत्यक्ष के द्वारा

(b) अनुमान के द्वारा

(c) श्रुति के द्वारा

(d) अ-बोध के द्वारा

59. 'आत्मन् स्वयं में अकर्ता है' यह किसका मत है ?

(a) नैयायिकों का

(b) अद्वैत वेदान्तियों का

(c) वैशेषिकों का

(d) मीमांसकों का

60. स्पिनोज़ा के अनुसार मनुष्य स्वतंत्र नहीं है क्योंकि :

(a) मनुष्य ईश्वर की प्रतिकृति है

(b) विश्व यांत्रिक है।

(c) विश्व में सब कुछ ईश्वर के स्वरूप से अनुगमित होता है

(d) मनुष्य पापी है।

61. बौद्ध विज्ञानवाद के अनुसार पुद्गल का अर्थ है :

(a) जड़

(b) जीवन

(c) व्यक्तिनिष्ठ चेतना

(d) निरपेक्ष चेतना

62. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, बर्कले को मान्य है ?

(a) द्रव्य का या तो भौतिक या आध्यात्मिक विषय के रूप में स्वतंत्र अस्तित्व है

(b) द्रव्य भौतिक अथवा आध्यात्मिक विषय का जटिल प्रत्यय है

(c) द्रव्य एक ऐसा अज्ञात अधिष्ठान् है जिसमें विषय के प्रेक्षणीय गुण रहते हैं

(d) द्रव्य जड़ नहीं हो सकता क्योंकि इन्द्रिय-गुण किसी व्यक्ति के मनस् अथवा अन्य आत्माओं के मनस् में रहते हैं

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निर्वाण का मार्ग, *जिन* में विश्वास, उनके सिद्धान्त के ज्ञान एवं पूर्ण आचार से होकर है।

2. जैन नीतिशास्त्र विश्वास एवं संकर्म दोनों पर बल देता है।

3. जैनों का नैतिक तंत्र बौद्धों के नैतिक तंत्र से अधिक कठोर है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन जैन नीतिशास्त्र में सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

64. गाँधीजी के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. साधन (मीन्स) मूलत: साधन-मूल्यों (इन्स्ट्रूमेंटल वैल्यू) के हैं।

2. साधन, साध्यों से कम महत्त्वपूर्ण नहीं हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

65. बुद्ध का अष्टांग मार्ग 'मध्यममार्ग' के नाम से जाना जाता है क्योंकि :

(a) यह ज्ञान को अधिक प्रमुखता प्रदान नहीं करता

(b) यह ज्ञान तथा आचरण को समान प्रमुखता प्रदान करता है

(c) यह पुरोहित-वर्ग तथा जन-साधारण दोनों वर्ग के लिये समान रूप से खुला है

(d) यह भोगासक्ति एवं आत्म-यातना दोनों की अवहेलना करता है

66. Which of the following are included in the Eight-fold path of Buddhism ?

1. Right knowledge
2. Right resolve
3. Right charity

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

67. Which of the following are included in the twelve links of the doctrine of Dependent Origination ?

1. *Avidyā* and *Saṃskāra*
2. *Nāma-rūpa*
3. *Rāga-dvēṣa*

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

68. Which one of the following is ***not*** acceptable in the *Gītā's* concept of *niṣkāmakarma* ?

(a) The agent's concern is solely with the action, never with its fruits.
(b) There follows no result from the action done.
(c) The results cease to be ends because they are not desired.
(d) There can be no end conceivable apart from desire.

69. In Jain ethics, *triratna* refers to :

(a) *samyak darśana, samyak jñāna* and *samyak ćaritra*
(b) *samyak smṛti, samyak jñāna* and *samyak ćaritra*
(c) *samyak darśana, samyak smṛti* and *samyak ćaritra*
(d) *samyak darśana, samyak jñāna* and *samyak smṛti*

70. Who of the following hold moral judgments to be non-cognitive ?

1. A.J. Ayer
2. C.L. Stevenson

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

71. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I (Concept)* | *List-II (Doctrine)* |
|---|---|
| A. Moral judgments are either true or false | 1. Prescriptivism |
| B. Moral conflict is rationally undecidable | 2. Descriptivism |
| C. Moral judgments have action-guiding function | 3. Emotivism |

***Code :***

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 1 | 3 | 2 |



(Contd.)

66. बौद्धधर्म के अष्टांग मार्ग में निम्नलिखित में से कौन से सम्मिलित हैं ?

1. सम्यक् ज्ञान
2. सम्यक् संकल्प
3. सम्यक् दान

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

67. आश्रित उत्पत्ति के सिद्धान्त की 12 कड़ियों में निम्नलिखित में से कौन से सम्मिलित हैं ?

1. अविद्या और संस्कार
2. नाम-रूप
3. राग-द्वेष

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

68. गीता के निष्काम कर्म के सम्प्रत्यय में निम्नलिखित में से कौन-सा मान्य ***नहीं*** है ?

(a) कर्ता का सम्बन्ध उसके एकमेव कर्म से है उसके फलों से नहीं।
(b) कृतकर्म से कोई फल अनुगमित नहीं होता।
(c) फल साध्य नहीं हो पाते क्योंकि वे वांछित नहीं हैं।
(d) इच्छा के अतिरिक्त और कोई साध्य मनोगम्य नहीं है।

69. जैन नीतिशास्त्र में त्रिरत्न से क्या निर्दिष्ट होता है ?

(a) सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् चरित्र
(b) सम्यक् स्मृति, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् चरित्र
(c) सम्यक् दर्शन, सम्यक् स्मृति एवं सम्यक् चरित्र
(d) सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् स्मृति

70. निम्नलिखित में से कौन नैतिक निर्णय को अ-संज्ञानात्मक मानते हैं ?

1. ए.जे. अय्यर
2. सी.एल. स्टीवेन्सन

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

71. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* (*सम्प्रत्यय*) | *सूची-II* (*मत*) |
|---|---|
| A. नैतिक निर्णय सत्य अथवा मिथ्या होते हैं। | 1. निदेशवाद |
| B. नैतिक द्वन्द्व तार्किक रूप से अनिर्णयात्मक होते हैं। | 2. वर्णनात्मकवाद |
| C. नैतिक निर्णयों का काम कर्म-निर्देशन करना है। | 3. संवेगवाद |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 1 | 3 | 2 |



(Contd.)

72. According to Kant, we ought to treat humanity :

(a) Sometimes as an end

(b) Never as an end

(c) Always as a means only

(d) Never as a means only

73. According to Kant, moral law is

(a) *a priori*, and based on reason

(b) *a priori*, and not based on reason

(c) *a posteriori*, and not based on reason

(d) *a posteriori*, and based on reason

74. With reference to Kant, consider the following statements :

1. Good will is good when it is accompanied with happiness.

2. Good will does not need anything else to be good.

3. Any action done with higher feelings is right.

4. Actions based on reason only are right.

Which of the statements given above are correct according to Kant ?

(a) 2 and 4

(b) 2 only

(c) 1 and 4 only

(d) 2 and 3

75. Consider the following pairs :

1. The only proof that a thing is desirable is the fact that people actually desire it : Mill

2. The greatest happiness of the greatest number is the criterion of morality : Braithwaite

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

76. For utilitarians, what is a morally good reason for breaking a promise ?

(a) You have other things to do.

(b) No one is obliged to keep promises.

(c) Worse things will happen by keeping it.

(d) You think that you should not have made it.

77. Consider the following statements :

Bentham's view of utilitarianism is faulty because :

1. Pleasure is the aim of all actions.

2. Justice cannot be accommodated in his view.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

72. कांट के अनुसार हमें मानवता को क्या मानना चाहिये ?

(a) कभी-कभी केवल साध्य के रूप में

(b) साध्य के रूप में कभी नहीं

(c) हमेशा केवल साधन के रूप में ही

(d) केवल साधन के रूप में कभी नहीं

73. कांट के अनुसार नैतिक नियम :

(a) प्रागनुभविक, और तर्कबुद्धि पर आश्रित होते हैं

(b) प्रागनुभविक, और तर्कबुद्धि पर आश्रित नहीं होते

(c) अनुभवाश्रित, और तर्कबुद्धि पर आश्रित नहीं होते

(d) अनुभवाश्रित, और तर्कबुद्धि पर आश्रित होते हैं

74. कांट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सद्-संकल्प शुभ होता है जब वह प्रसन्नता के साथ हो।

2. सद्-संकल्प के शुभ होने के लिये किसी इतर का शुभ होना आवश्यक नहीं।

3. उच्चतर भावना से किया गया कोई भी कार्य सही है।

4. केवल बुद्धि पर आधारित कार्य सही हैं।

कांट के अनुसार उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 2 और 4

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 4

(d) 2 और 3

75. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. किसी वस्तु के एषणीय होने का एकमात्र प्रमाण यह तथ्य है कि लोग वस्तुतः इसकी एषणा करते हैं। : मिल

2. अधिकतम व्यक्तियों का महत्तम सुख नैतिकता का एकमात्र निकष है। : ब्रैथवाइट

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

76. उपयोगितावादियों के लिये वचन भंग करने के लिये नैतिक रूप से सद्-कारण क्या है ?

(a) आपको और भी अन्य काम हैं

(b) वचन पालन किसी के लिये बाध्यकर नहीं है

(c) वचन पालन से अशुभतर घटित होगा

(d) आप सोचते हैं कि आपको वचन नहीं देना चाहिये था

77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

बेन्थम का उपयोगितावाद का मत त्रुटिपूर्ण है क्योंकि :

1. सुख सभी कर्मों का लक्ष्य है।

2. उसके मत में न्याय को स्थान नहीं दिया जा सकता।

उपयुर्क्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

78. Consider the following :

1. Right means according to rule.
2. Right is more fundamental than Good according to G.E. Moore.
3. Concept of right is relevant to Deontological theory.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

79. Consider the following statements :

1. Life is worth living.
2. Birth and death are the two ends of life.
3. Honesty is one of the prime virtues.
4. Akbar was not the first Mogul emperor.

Which of the statements given above are the statements of value ?

(a) 1 only
(b) 1, 2, 3 and 4
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1 and 3 only

80. Which one of the following is ***not*** a statement of value ?

(a) Honesty is the best policy
(b) We believe honesty to be the best policy
(c) Never indulge in dishonesty
(d) Let us all be honest

81. Which one of the following is not acceptable to Psychological Hedonism ?

(a) Almost all human responses, however altruistic are ultimately based on selfishness.
(b) A sense of having done something worthwhile is also for selfish motive.
(c) To get minimum satisfaction one should act also in others interest.
(d) 'Selfishness' does not refer so much to the expected outcome, but to the motivation.

82. 'Every helpful person who is apparently trying to do something for you is infact doing something for himself or herself instead–you are simply being made the occasion of that person's happiness.' This view is adopted by which one of the following ?

(a) Utilitarianism
(b) Hedonism
(c) Egoistic Hedonism
(d) Emotivism

83. Consider the following statements :

1. The ultimate end of non-violence is surest victory.
2. Non-violence may not always be a universal principle.

Which of the statements given above are Gandhiji's views on *Ahimsa* ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

84. Consider the following statements :

1. Ordinary moral consciousness reveals that the ethical value of an act does not depend on external effects.
2. Good will states only the form which the will must assume in order to be good.
3. Freedom can be found in the world of phenomena only.

Which of the statements given above correctly represent Kant's position ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 2 and 3 only

78. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. सही का अर्थ है नियमानुसार।
2. जी.ई. मूर के अनुसार सही (right) शुभ से अधिक मूलभूत है।
3. सही का प्रत्यय फलनिरपेक्षतावाद के लिये प्रासंगिक है।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जीवन जीने योग्य है।
2. जीवन और मृत्यु जीवन के दो छोर हैं।
3. ईमानदारी प्रधान सद्गुणों में से एक है।
4. अकबर प्रथम मुग़ल सम्राट नहीं था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन मूल्यात्मक कथन है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1 और 3

80. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, मूल्यात्मक कथन *नहीं* है ?

(a) ईमानदारी सर्वोत्कृष्ट नीति है
(b) हम विश्वास करते हैं कि ईमानदारी सर्वोत्कृष्ट नीति है
(c) बेईमानी में कभी संलिप्त न हों
(d) हम सभी ईमानदार हों

81. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, मनोवैज्ञानिक सुखवाद को मान्य नहीं है ?

(a) लगभग सभी मानवीय अनुक्रियायें, चाहे कितनी भी परार्थोन्मुख हों, अन्ततः स्वार्थसेविता पर आधारित होती हैं
(b) कुछ सार्थक कर लेने का बोध भी स्वार्थी प्रयोजन के लिये है
(c) न्यूनतम सन्तुष्टि पाने के लिये व्यक्ति को दूसरे के हित के लिये भी काम करना चाहिये
(d) 'स्वार्थसेविता' प्रत्याशित फल को उतना निर्दिष्ट नहीं करती जितना अभिप्रेरण को

82. 'प्रत्येक मददगार व्यक्ति जो आभासी रूप से आपके लिये कुछ करने की कोशिश कर रहा है, बजाय इसके वह वास्तव में स्वयं के लिये ही कुछ कर रहा है–आप सिर्फ उस व्यक्ति की प्रसन्नता के अवसर बनाये जा रहे हैं'। यह मत निम्नलिखित में से किसने अपनाया?

(a) उपयोगितावाद
(b) सुखवाद
(c) स्वसुखवाद
(d) संवेगवाद

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अहिंसा का परम उद्देश्य नि:संदेह विजय है।
2. अहिंसा हमेशा सार्वभौम सिद्धान्त नहीं भी हो सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन गांधीजी का/के अहिंसा सम्बन्धी मत है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. साधारण नैतिक चेतना यह उद्घाटित करती है कि एक कर्म का नैतिक मूल्य उसके बाह्य परिणामों पर निर्भर नहीं करता।
2. सद् संकल्प केवल उस आकार को बताता है जिसे संकल्प सद् होने के लिये धारण करता ही है।
3. स्वतंत्रता केवल संवृति के संसार में ही पायी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से कान्ट की स्थिति को सही-सही निरूपित करते हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3



(Contd.)

85. Consider the following statements :

1. The moral agent is free in what she does.
2. She can not justifiably be praised or blamed for what she does freely.

Under the Compatibilist notion of freedom of the will, which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

86. The meaning of freedom of will is :

(a) No restriction whatsoever
(b) To obey one's desires
(c) To obey divine commands only
(d) To obey the command of Reason

87. The freedom of will rejects :

(a) freedom of choice without predictability of human action
(b) freedom of choice compatible with predictability of human action
(c) responsibility for action produced in accordance with a law
(d) we ourselves are free agents bound only by the laws of morality

88. If descriptivism is true, which one of the following is inconsistent with it ?

(a) Moral words are descriptive in meaning.
(b) The criteria of application of moral words are descriptive.
(c) Descriptions are evaluations.
(d) There are moral facts.

89. Consider the following statements :

1. Moral judgments prescribe rather than describe.
2. Moral judgments express attitudes.
3. Moral judgments are not universalizable.
4. Moral properties are supervenient upon non-moral ones.

Which of the statements given above is/are acceptable to R.M. Hare ?

(a) 1, 2 and 4
(b) 2 and 3
(c) 2 and 4 only
(d) 1 and 4 only

90. Which one of the following is ***not*** true of Jaina *dhyāna* (meditation) ?

(a) Concentrating the mind on the syllables of Jaina prayer phrases.
(b) To make the mind steady by *dhyāna*, one should think of *maitri* (universal friendship).
(c) One should have universal compassion (*karuṇā*).
(d) Jaina *yoga* is not different from the traditional Hindu *yoga* of Patanjali or even of Buddhism.

91. Which of the following *kaṣāyas* (passions) with regard to Jainism are considered as the major *kaṣāyas* (passions) ?

1. *Krodha* (anger)
2. *Lobha* (greed)
3. *dvéṣa* (jealousy)

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 and 2 only

85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नैतिक अभिकर्ता कुछ भी करने में स्वतंत्र हैं।
2. अभिकर्ता जो कुछ स्वतंत्र रूप से करता है उसके लिये उसे न्यायोचित रूप से प्रशंसित अथवा लांछित नहीं किया जा सकता।

संकल्प स्वातंत्र्य की संगततावादी धारणा के संदर्भ में उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

86. संकल्प-स्वातंत्र्य का अर्थ है :

(a) किसी भी प्रतिबन्ध का न होना
(b) अपनी इच्छाओं का अनुसरण करना
(c) दैवी आदेशों का ही अनुसरण करना
(d) तर्कबुद्धि के आदेशों का अनुसरण करना

87. मंकल्प-स्वातंत्र्य किसे अस्वीकार करती है ?

(a) मानवकर्म की पूर्वानुमेयता के बिना विकल्प स्वातंत्र्य।
(b) मानव कर्म की पूर्वानुमेयता से संगत विकल्प स्वातंत्र्य
(c) विधि के अनुसार उत्पादित कर्म के लिये दायित्व
(d) हम स्वयं केवल नैतिकता के नियमों से बंधे हुए स्वतंत्र अभिकर्मक हैं।

88. यदि वर्णनात्मकतावाद (डेस्क्रिप्टिविज़्म) सत्य है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक, इससे असंगत है ?

(a) नैतिक शब्द अर्थ में वर्णनात्मक हैं।
(b) नैतिक शब्दों के अनुप्रयोग के निकष वर्णनात्मक हैं।
(c) वर्णन मूल्यांकन हैं।
(d) नैतिक तथ्य होते हैं।

89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नैतिक निर्णय बजाय वर्णन करने के, निर्देश करते हैं।
2. नैतिक निर्णय अभिवृत्तियों को व्यक्त करते हैं।
3. नैतिक निर्णय सार्विकीकरणीय ***नहीं*** हैं।
4. नैतिक गुण अनैतिक गुणों पर अभिवर्ती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से आर.एम. हेयर को स्वीकार्य हैं ?

(a) 1, 2 और 4
(b) 2 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 1 और 4

90. जैन ध्यान के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सत्य ***नहीं*** है ?

(a) जैन प्रार्थना वाक्यांशों के अक्षरों पर मन केन्द्रित करना
(b) मन को ध्यान से स्थिर करने के लिये व्यक्ति को मैत्री का विचार करना चाहिये
(c) व्यक्ति में सार्वभौम करुणा होनी चाहिये
(d) जैन योग, पतंजलि के पारम्परिक हिन्दू योग से अथवा बौद्ध के योग से भी भिन्न नहीं है

91. जैनमत के संदर्भ में निम्नलिखित कषायों में से कौन से प्रमुख कषाय हैं ?

1. क्रोध
2. लोभ
3. द्वेष

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 2

92. Consider the following combinations :

1. *Astéya, aparigraha, niyama*
2. *Ahiṃsā, Brahmacharya*
3. *Manana, muditā, upékṣā*
4. *Astéya, aparigraha, satya*

Which of the combinations given above are acceptable in Jaina ethics ?

(a) 1 and 2

(b) 2 and 4

(c) 2 and 3

(d) 1 and 4

93. The main content of Emotivism is that :

(a) there is a rational method to settle the disagreements in ethical judgments.

(b) there is a rational method to settle the disagreements in judgments of interest.

(c) there is no rational method to settle the disagreements in ethical judgments.

(d) there is a rational method to settle the disagreements in judgments of belief.

94. What is the correct sequence of the following links from the doctrine of Dependent Origination ?

1. Tṛṣṇā (thirst for sense enjoyment)
2. Vedanā (sense experience)
3. Sparśa (sense-object-contact)
4. Upādāna (clinging to sense-enjoyment)

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1-2-3-4

(b) 2-3-1-4

(c) 3-2-4-1

(d) 3-2-1-4

95. According to Kant, the moral worth of an action is determined by

(a) the nature of the motive behind the act

(b) the amount of prosperity gained by means of it

(c) the approval of society

(d) the consequences it leads to

96. Who among the following philosophers observed that man is not just *de facto* a certain kind of being with certain given desires, but it is some how "up to" him what kind of being he is going to be ?

(a) Kant

(b) Isaiah Berlin

(c) Mortin Heidegger

(d) Kurt Baier

97. "*Sthitaprajña*" literally means "Steadfast intellect". Which one of the following best exemplifies it ?

(a) One who is attached to the infinite

(b) One who is detached from all that is finite

(c) One who is not affected by the joys and sorrows

(d) One who was overcome one's passions

98. In Jainism, the word '*nirjarā*' stands for :

(a) influx of *karma*

(b) bondage due to influx of *karma*

(c) stopping of the influx of *karma*

(d) removal of *karma*

99. '*Dukkhasamudāya*' for Buddha means :

(a) Everything is sorrow

(b) Sorrow is of different kinds

(c) Sorrow, like everything, has a cause

(d) Sorrow is human destiny



(Contd.)

92. निम्नलिखित संयोजनों पर विचार कीजिए :

1. अस्तेय, अपरिग्रह, नियम
2. अहिंसा, ब्रह्मचर्य
3. मनन, मुदिता, उपेक्षा
4. अस्तेय, अपरिग्रह, सत्य

उपर्युक्त संयोजनों में से कौन-से जैन नीतिशास्त्र को स्वीकार्य हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 4
(c) 2 और 3
(d) 1 और 4

93. संवेगवाद का मुख्य अंश क्या है ?

(a) नैतिक निर्णयों में असहमतियों के समाधान के लिये तार्किक पद्धति होती है।
(b) हित के निर्णयों में असहमतियों के समाधान के लिये तार्किक पद्धति होती है।
(c) नैतिक निर्णयों में असहमतियों के समाधान के लिये कोई तार्किक पद्धति नहीं होती।
(d) विश्वास के निर्णयों में असहमतियों के समाधान के लिये तार्किक पद्धति होती है।

94. आश्रित उत्पत्ति के सिद्धान्त के संदर्भ में निम्नलिखित कड़ियों का सही अनुक्रम क्या है ?

1. तृष्णा
2. वेदना
3. स्पर्श
4. उपादान

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1-2-3-4
(b) 2-3-1-4
(c) 3-2-4-1
(d) 3-2-1-4

95. कान्ट के अनुसार किसी कर्म का नैतिक मूल्य किसके द्वारा निर्धारित होता है ?

(a) कर्म के पीछे अभिप्रेरण की प्रकृति
(b) इसके माध्यम से उपार्जित समृद्धि का परिमाण
(c) समाज का अनुमोदन
(d) इससे मिलने वाले परिणाम

96. निम्नलिखित में से किस दार्शनिक का यह अभिमत है कि मनुष्य वस्तुतः विशिष्ट प्रदत्त एषणाओं वाला विशिष्ट प्रकार का जीव मात्र नहीं है, बल्कि, किसी तरह, यह "उसके ऊपर" है कि वह किस प्रकार का जीव बने ?

(a) कान्ट
(b) इसाया बर्लिन
(c) मार्टिन हाईडेगर
(d) कुर्ट बॉयर

97. "स्थितप्रज्ञ" का अक्षरशः अर्थ है "स्थिर प्रज्ञा"। निम्नलिखित में से कौन इसे सर्वोत्कृष्ट रूप से निदर्शित करता है ?

(a) जो असीम में आसक्त है।
(b) जो हर ससीम से निरासक्त है
(c) जो सुख और दुख से प्रभावित नहीं है।
(d) जिसने अपनी वासनाओं को जीत लिया है।

98. जैन मत में 'निर्जरा' शब्द का क्या अर्थ है ?

(a) कर्मशृंखला
(b) कर्मशृंखलाजनित बंधन
(c) कर्मशृंखला रोधन
(d) कर्म-क्षय

99. बुद्ध के लिये 'दुखसमुदाय' का क्या अर्थ है ?

(a) सब दुख है
(b) दुख विभिन्न प्रकार का है
(c) हर चीज की तरह, दुख का भी कारण है
(d) दुख मनुष्य की नियति है

100. *Samyak karmānta*, according to Buddha, consists in desisting from :

(a) stealing

(b) destroying life

(c) improper gratification of the senses

(d) All of the above

101. The doctrine of *niṣkāmakarma* teaches :

(a) inaction

(b) withdrawal from action

(c) indifference to results of action

(d) altruistic action

102. The Eight-fold path gives us an ideal picture of the Buddhist ethics. Which one of the following gives us the highest good, the *summum bonum* ?

(a) *Samyak-dṛsti*

(b) *Samyak-karmānta*

(c) *Samyak-smṛti*

(d) *Samyak-ćarita*

103. The secondary qualities of a physical object, according to Locke, are those properties which :

(a) actually, though only contingently, belong to the physical object

(b) are of secondary importance in understanding the nature of physical objects

(c) do not actually figure in the list of defining properties of physical objects

(d) actually belong, not to physical objects, but to our experience of them

104. Which one of the following statements regarding substance is associated with Berkeley ?

(a) There are things called substances, but they are unknowable.

(b) There are things called substances, and they are not mere ideas.

(c) There are things called substances, but they are nothing more than ideas.

(d) There is no God as the cause of ideas.

105. Consider the following statements :

The *samavāya* relation holds between :

1. substance and attribute.

2. particular and universal.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

106. For *Nyaya*, 'God' (*Īsvara*) is :

(a) *Atman*

(b) *Brahman*

(c) *Puruṣa*

(d) *Hiraṇyagarbha*

107. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | List-I (Substance) | | List-II (Quality) |
|---|---|---|---|
| A. | *Ātman* | 1. | *Sneha* |
| B. | *Pṛthivi* | 2. | *Śabda* |
| C. | *Jala* | 3. | *Gandha* |
| D. | *Ākāśa* | 4. | *Jñāna* |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |



(Contd.)

100. बुद्ध के अनुसार सम्यक् कर्मान्त किससे दूर रहने में है ?

(a) चोरी करना

(b) जीवन का नाश करना

(c) इन्द्रियों का अनुचित परितोषण

(d) उपर्युक्त सभी

101. निष्काम कर्म का सिद्धान्त किसकी शिक्षा देता है ?

(a) अकर्म

(b) कर्म से विरक्ति

(c) कर्म फलों से उदासीनता

(d) परहितकारी कर्म

102. अष्टांग मार्ग बौद्ध नीतिशास्त्र की आदर्श छवि प्रदान करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक, हमें परमार्थ, नि:श्रेयस प्रदान करता है ?

(a) सम्यक्-दृष्टि

(b) सम्यक्-कर्मान्त

(c) सम्यक्-स्मृति

(d) सम्यक्-चरित

103. लॉक के अनुसार किसी भौतिक वस्तु के गौण गुण वे गुण हैं जो :

(a) वास्तव में, यद्यपि आपातिक रूप में ही, भौतिक वस्तु में निवास करते हैं

(b) भौतिक वस्तुओं के स्वरूप को समझने में गौण महत्त्व के हैं

(c) भौतिक वस्तुओं के गुणों को परिभाषित करने की सूची में वस्तुत: नहीं आते

(d) वस्तुत: भौतिक वस्तुओं में नहीं बल्कि हमारे उन्हें अनुभव करने में निवास करते हैं

104. द्रव्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बर्कले से सम्बद्ध है ?

(a) ऐसी चीजें हैं जिन्हें द्रव्य कहते हैं किंतु वे अज्ञेय हैं

(b) ऐसी चीजें हैं जिन्हें द्रव्य कहते हैं एवं वे विचार मात्र नहीं हैं।

(c) ऐसी चीजें हैं जिन्हें द्रव्य कहते हैं किंतु वे विचार से अधिक कुछ भी नहीं हैं।

(d) कोई ईश्वर विचारों का कारणभूत नहीं है।

105. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

समवाय सम्बन्ध :

1. द्रव्य एवं गुण के बीच होता है।

2. विशेष एवं सामान्य के बीच होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

106. न्याय दर्शन में 'ईश्वर' क्या है ?

(a) आत्म

(b) ब्रह्म

(c) पुरुष

(d) हिरण्यगर्भ

107. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(द्रव्य)* | | *सूची-II* *(गुण)* |
|---|---|---|---|
| A. | आत्म | 1. | स्नेह |
| B. | पृथ्वी | 2. | शब्द |
| C. | जल | 3. | गंध |
| D. | आकाश | 4. | ज्ञान |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |



(Contd.)

108. The Buddhist denial of an eternal substance, spiritual as well as matter is called :

(a) *Sanghatā vāda*

(b) *Sarvāsti vāda*

(c) *Pudgala nairātmya vāda*

(d) *Vijñānavāda*

109. Buddhists do not accept *pudgala* as the essence of a living being because :

(a) *pudgala* possesses consciousness but not activity

(b) such an essence should be permanent but nothing is permanent

(c) *pudgala* consists of material particles but actually the essence of a living being is consciousness

(d) *pudgala* is accepted by Jainas, so Buddhists cannot accept it

110. If a Ćarvāka accepts an inference that will be because

(a) its conclusion is verified by perception

(b) its conclusion serves his self interest

(c) it is inconsistent with Vedas

(d) inference is an independent pramāṇa

111. 'Colour is non-eternal as it is audible' is an example of

(a) *Svarūpasiddhi hetvābhāsa*

(b) *Bādhita hetvābhāsa*

(c) *Viruddha hetvābhāsa*

(d) *Anaikāntika hetvābhāsa*

112. The Upanisadic statement 'Tat tvam asi' (Thou art that) gives the knowledge of Ātman-Brahman identity through a particular semantic function of the words in the statement. That semantic function, according to *Advaita*-Vedāntins, is :

(a) *Abhidhā*

(b) *Laksaṇā*

(c) *Vyañjanā*

(d) *Tātparya*

113. *Advaita*-Vedānta admits :

(a) *svatahprāmāṇya* and *svatah aprāmāṇya*

(b) *svatahprāmāṇya* and *paratah aprāmāṇya*

(c) *paratah prāmāṇya* and *svatah aprāmāṇya*

(d) *paratah prāmāṇya* and *paratah aprāmāṇya*

114. According to *Advaita* Vedānta, *Anupalabdhi* is :

(a) merely a kind of *pratyakṣa*

(b) merely a kind of *anumāna*

(c) a combination of both *pratyakṣa* and *anumāna*

(d) an independent *pramāṇa*

115. Correspondence theory defines truth in terms of the relation between a statement and

(a) its practical utility

(b) other statements

(c) an actual state of affairs

(d) the mental state accompanying it

108. बौद्ध मत के नित्य द्रव्य, पारलौकिक एवं जड़ द्रव्य के निषेध को क्या कहते हैं ?

(a) संघतावाद

(b) सर्वास्तिवाद

(c) पुद्गल नैरात्म्यवाद

(d) विज्ञानवाद

109. बौद्ध पुद्गल को जीव के सार के रूप में किस कारण स्वीकार नहीं करते ?

(a) पुद्गल में चेतना होती है किंतु कोई सक्रियता नहीं।

(b) ऐसे किसी सार को स्थायी होना चाहिये किंतु कुछ भी स्थायी नहीं है।

(c) पुद्गल में भौतिक कण होते हैं किन्तु वस्तुत: जीव का सार चेतना है।

(d) जैन मत पुद्गल को स्वीकार करता है इसलिये बौद्धमत इसे स्वीकार नहीं करता।

110. यदि चार्वाक अनुमान को स्वीकार करते, तो यह किस कारण होगा ?

(a) इसका निष्कर्ष प्रत्यक्ष से सत्यापित है।

(b) इसका निष्कर्ष उसके स्वहित को साधित करता है।

(c) यह वेदों से असंगत है।

(d) अनुमान एक स्वतंत्र प्रमाण है।

111. 'रंग अनित्य है क्योंकि यह श्रव्य है', यह किसका उदाहरण है ?

(a) स्वरूपसिद्धि हेत्वाभास

(b) बाधित हेत्वाभास

(c) विरुद्ध हेत्वाभास

(d) अनेकान्तिक हेत्वाभास

112. उपनिषद् का कथन 'तत् त्वम् असि', कथन में शब्दों की विशिष्ट आर्थी क्रिया के माध्यम से आत्म-ब्रह्म तादात्म्य का ज्ञान देता है। अद्वैत वेदान्तियों के अनुसार वह आर्थी क्रिया क्या है ?

(a) अभिधा

(b) लक्षणा

(c) व्यंजना

(d) तात्पर्य

113. अद्वैत वेदान्त क्या स्वीकार करता है ?

(a) स्वत:प्रामाण्य एवं स्वत:अप्रामाण्य

(b) स्वत:प्रामाण्य एवं परत:अप्रामाण्य

(c) परत:प्रामाण्य एवं स्वत:अप्रामाण्य

(d) परत:प्रामाण्य एवं परत:अप्रामाण्य

114. अद्वैत वेदान्त के अनुसार अनुपलब्धि क्या है ?

(a) एक प्रकार का प्रत्यक्ष मात्र

(b) एक प्रकार का अनुमान मात्र

(c) प्रत्यक्ष एवं अनुमान दोनों का संयोजन

(d) एक स्वतंत्र प्रमाण

115. संवादिता सिद्धान्त (करेसपॉन्डेन्स थियरी) सत्य को किसी कथन के और किसके बीच सम्बन्ध के आधार पर परिभाषित करता है ?

(a) इसकी व्यावहारिक उपयोगिता

(b) अन्य कथन

(c) वास्तविक परिस्थिति

(d) उससे जुड़ी मानसिक अवस्था

***Directions :—***

The following *5 (Five)* items consist of two statements : one labelled as the 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :

*Codes :*

(a) Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

(b) Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

(c) A is true but R is false

(d) A is false but R is true

116. Assertion (A) : Traditional Square of Opposition is rescued under Boolean Interpretation.

Reason (R) : All the standard-form categorical propositions presuppose that the classes to which they refer are empty.

117. Assertion (A) : Conversion of A proposition to A proposition is invalid.

Reason (R) : Conversion of A proposition involves conversion by limitation.

118. Assertion (A) : Syllogism is not valid by virtue of its form alone.

Reason (R) : Any syllogism having the same form as valid syllogism will also be valid.

119. Assertion (A) : If the categorical premise affirms the truth of the antecedent of the conditional premise and the consequent of that conditional premise is the conclusion of the argument, the form is valid.

Reason (R) : The argument form contains a conditional premise.

120. Assertion (A) : Emotivism is not acceptable.

Reason (R) : It fails to account for the connection between morality and reason.

*निर्देश :*

आगामी *5* (पाँच) प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं । एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है । इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए :

*कूट :*

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण *नहीं* है

(c) A सही है, परन्तु R ग़लत है

(d) A ग़लत है, परन्तु R सही है

116. कथन (A) : परम्परागत-विरोध-वर्ग को वूलीय व्याख्या के अन्तर्गत बचाया जाता है।

कारण (R) : सभी मानक-आकार निरुपाधिक प्रतिज्ञप्तियां पूर्वमान्य करती हैं कि जिन वर्गों को वे निर्दिष्ट करती हैं वे रिक्त हैं।

117. कथन (A) : A प्रतिज्ञप्ति का A प्रतिज्ञप्ति में परिवर्तन अवैध है।

कारण (R) : A प्रतिज्ञप्ति का परिवर्तन, सीमित-परिवर्तन से होता है।

118. कथन (A) : न्यायवाक्य केवल अपने आकार के आधार पर वैध नहीं है।

कारण (R) : कोई भी न्यायवाक्य, जो वैध न्यायवाक्य के आकार में है, वैध होगा।

119. कथन (A) : निरुपाधिक आधारवाक्य, सोपाधिक आधारवाक्य के हेतु-वाक्य की सत्यता को स्वीकार करता है एवं उस सोपाधिक आधारवाक्य का फलवाक्य युक्ति का निष्कर्ष है, तो आकार वैध है।

कारण (R) : युक्ति आकार में एक सोपाधिक आधार वाक्य है।

120. कथन (A) : संवेगवाद स्वीकार्य नहीं है।

कारण (R) : यह नैतिकता एवं तर्क के बीच सम्बन्ध स्थापित नहीं कर पाता।

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे कार्य के लिये

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**कच्चे कार्य के लिये**

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

टी.बी.सी. : **P–DTQ–J–QIJ**

क्रम सं. [ ]

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## दर्शनशास्त्र

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 300*

अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश ***हिन्दी*** और ***अंग्रेजी*** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए ***कोई दण्ड नहीं*** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.